हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री


सड़क पर लगातार घटनाएं बढ़ने के बावजूद नाबालिग सायकल पर स्टंट करने से बाज नहीं आ रहे हैं।






## शहर के बिजली खंभों पर केबल झूल रहे

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने बिलासपुर शहर के बिजली खंभों पर केबल लटकाए जाने की खबर को संज्ञान में लिया है। इसे लेकर मीडिया में प्रकाशित खबरों पर स्वतः संज्ञान लेकर हाई कोर्ट ने जनहित याचिका के रूप में सोमवार को सुनवाई करते हुए कड़ी नाराजगी जताई है। निगम और बिजली विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने इस मामले में सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए हैं। वहीं बिलासपुर के अधिकारियों सहित प्रबंध निदेशक रायपुर को पूरे राज्य की स्थिति को लेकर व्यक्तिगत शपथपत्र में जवाब मांगा है। दरअसल बिलासपुर शहर में बिजली खंभों पर केबल लटकाए जाने और इससे जुड़े खतरों को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। इस मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि बिजली के खंभों में मकड़जाल बना रखा है। वहीं बिलासपुर सहित प्रदेश भर की स्थिति पर प्रबंध निदेशक रायपुर से व्यक्तिगत तौर पर हलफनामा दाखिल करने के आदेश दिए हैं।

# धान की 770 बोरियों में भर दिया मिट्टी भूसी और रेत, 2 करोड़ की गड़बड़ी

## साढ़े 7 हजार क्विंटल धान भी गायब

- मल्हार समिति के प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री आपरेटर के खिलाफ होगा जुर्म दर्ज
- 23 हजार 256 बोरी धान में से केन्द्र में 5267 बोरी धान ही पाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेवा सहकारी समिति मल्हार में 2 करोड़ की धान की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। यहां के प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर ने मिलकर साढ़े 7 हजार क्विंटल धान गायब कर दिया। यही नहीं 770 के करीब बोरियों में भूसी और रेती डाल दिया है, जिससे की बोरियां धान से भरी लग सकें। शिकायत के बाद मामले की जांच कराई गई। खाद्य निरीक्षक मस्तुरी के जांच प्रतिवेदन में शिकायत सही पाई गई। कलेक्टर अवनीश शरण ने मामले में उप पंजीयक सहकारी समिति बिलासपुर को धान खरीदी प्रभारी संतू कुमार यादव एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर देवेन्द्र बंजारे के खिलाफ एफआईआर कराने कहा है।

मल्हार समिति में बड़ा घोटाला सामने आया है। लगातार शिकायत मिल रही थी कि इस समिति के प्रबंधक और आपरेटर मिलकर किसानों द्वारा बेचे गए धान को बाजार में अधिक दामों पर बेच रहे हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने जांच के लिए खाद्य, सहकारिता, विपणन एवं



बैंक शाखा मल्हार की संयुक्त जांच दल बनाई। जांच टीम ने धान उपार्जन केन्द्र मल्हार पहुंचकर 13 फरवरी 2025 को जांच की। जांच में पाया गया कि मल्हार के प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर ने मिलकर पूरी गड़बड़ी को अंजाम दिया है। इसके साथ ही जिले के तखतपुर, कोटा एवं जयरामनगर के अंतर्गत 60 कोचियों से 2293 क्विंटल धान बरामद किया गया। इनके विरुद्ध मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### 16 व्यापारियों से 577 क्विंटल धान जब्त

बिलासपुर तहसील के अंतर्गत 16 व्यापारियों के यहां से 577 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। इस मामले में जिन व्यापारियों के विरुद्ध मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई उनके नाम हैं- शत्रुघ्न साहू सेंदरी, किशन जायसवाल बेलतरा, सुनील कश्यप बसहा, धनेश्वर कश्यप सलका, त्रिलोकचंद साहू बैमा, रामकृष्ण यादव बरतोरी, शत्रुहन प्रसाद दगौरी, कृष्णा धान भंडार चकरभाठा, सुरेश धान भंडार चकरभाठा, साधराम नेवसा, पिंटु ट्रेडर्स सेलर, रूपचंद किराना स्टोर्स बिल्हा, सोबुराम पटेल मगरउछला, रामकृष्ण कश्यप सलका, ईश्वर साहू बिरकोना एवं त्रिलोकचंद साहू बैमा शामिल हैं।

### 18 हजार 759 बोरी धान गायब

संयुक्त जांच टीम जब मौके पर पहुंची तो किसानों द्वारा बेचे गए धान का भौतिक सत्यापन किया गया है। इसके लिए स्टाक मिलान किया गया। अधिकारियों के मुताबिक मल्हार केन्द्र में 23 हजार 256 बोरी धान होनी चाहिए था, लेकिन मौके पर 5267 बोरी धान ही पाया गया। जबकि 18 हजार 759 बोरी धान गायब था। इसमें भी धान उपार्जन केन्द्र मल्हार में प्राप्त 5267 धान की बोरियों में से 4497 बोरी में मानक मतलब कि किसानों द्वारा बेचा गया सही धान था। इसके अलावा 600 बोरी धान में भूसी और रेती भर दिया गया था तो 170 बोरी में धान व भूसी भरना पाया गया। अधिकारियों के मुताबिक इस तरह मल्हार केन्द्र में 7503.60 क्विंटल 40 किग्रा धान कम पाया गया। इसकी कीमत करीब 2 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

### जांच टीम को गुमराह करने की कोशिश

इस पूरे मामले में यह भी जानकारी मिल रही है कि शिकायत के लिए जांच टीम पहुंचने की जानकारी सेवा सहकारी समिति मल्हार के प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री आपरेटर को एक दिन पहले ही मिल गई थी। इसलिए उसने जांच टीम को गुमराह करने की पूरी कोशिश की। केन्द्र से गायब धान की पूर्ति तो इतनी जल्दी नहीं की जा सकती थी इसलिए धान के स्थान पर भूसी, रेत, मिट्टी मिश्रित भूसा बोरी में भरकर धान की बोरियों के बीच में रख दिया। इसके साथ ही ऑनलाइन रिकार्ड में प्रदर्शित 443 नग नए बारदाने भौतिक सत्यापन में जांच टीम को नहीं मिले। इसके साथ ही धान खरीदी समाप्ति होने के 13 दिन बाद भी केन्द्र में 600 बोरियों में धान तो भरा, लेकिन इन बोरियों की सिलाई नहीं हुई थी।

# 190 बोरी सरकारी चावल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाद्य विभाग ने एक गोदाम में दबिश देकर (190 बोरी) 95 क्विंटल पीडीएस का चावल जब्त किया है। यहां सरकारी चावल को किराना व्यापारी अपनी बेनामी गोदाम में छिपाकर रखा था, जिसे मोटी कमाई करने के लिए राइस मिलरों को बेच रहा था। जांच के बाद यह पता चला कि यह वही चावल है, जो उचित मूल्य दुकान में राशन कार्डधारियों को दिया जाता है। जिसे गोलबाजार खोवा मंडी निवासी आयुष साहू ने गोदाम में छिपाया था। खाद्य विभाग ने मामले में क्वालिटी इंस्पेक्टर को बुलाकर सैंपल लिया है। सैंपल की रिपोर्ट भी खाद्य विभाग को मिल गई है। अब गोदाम संचालक को नोटिस जारी करते हुए खाद्य विभाग एफआईआर कराने की तैयारी कर रहा है। सबसे बड़ी बात की आयुष साहू की कोई राशन दुकान भी नहीं है तो सवाल है कि इतना चावल आखिर आया कहां से। खाद्य विभाग के मुताबिक आयुष साहू किराना दुकानों से सरकारी चावल खरीदकर भाटापारा में बेचता है।

- खाद्य विभाग ने मामले में क्वालिटी इंस्पेक्टर को बुलाकर सैंपल लिया

खाद्य विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली कि सरजू बगीचा में शासकीय उचित मूल्य दुकान का चावल लाकर एक गोदाम में रखा जा रहा है। बताए गए स्थान पर अधिकारियों की टीम जांच करने के लिए पहुंची। शिकायत सही मिली, वहां पर एक वाहन से प्लास्टिक की बोरियों को खाली किया जा रहा था। इन बोरियों को एक गोदाम में रखा जा रहा था। टीम ने बोरियों को अनलोड करने का काम बंद कराया। जिसके बाद चावल की जांच करने के लिए नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर को बुलाया। क्वालिटी इंस्पेक्टर ने चावल के पीडीएस का होने की जानकारी दी।

### गोदाम में छिपाकर राइस मिलरों को बेचता था दुकान संचालक के खिलाफ होगी एफआईआर


जब्त सरकारी चावल व इनसेट में बंद गोदाम।

### व्यापार विहार ले जाया जाता है चावल

जानकारी मिली है कि सरजू बगीचा के इस बेनामी गोदाम से चावल को व्यापार विहार ले जाया जाता है। वहां पर एक बड़ा गोदाम किराए पर लिया गया है। वहां से इसकी बिक्री की जाती है। खास बात यह कि चावल को प्लास्टिक की बोरियों में रखा गया था। आमतौर पर पीडीएस के चावल की सप्लाई जूट की बोरियों में किया जाता है। लेकिन, यहां पीडीएस की चावल में अफरा-तफरी कर उसे प्लास्टिक की बोरियों में पलटी कर लिया गया था। जांच के बाद यह पता चला कि यह वही चावल है, जो उचित मूल्य दुकान में राशन कार्डधारियों को दिया जाता है।

### राशन दुकान संचालकों से मिलीभगत

अब तक की जांच में सामने आया है कि आयुष साहू का कुछ राशन दुकान संचालकों से साठगांठ है और वह उन राशन दुकान संचालकों से पीडीएस चावल खरीदकर अपने अपने गोदाम में रखता था। व्यापारी भाटापारा, चकरभाठा, धमतरी और मुंगेली के कुछ राइस मिलरों को चावल बेचने का अवैध कारोबार चला रहा था। हालांकि किन शासकीय राशन दुकानों से चावल खरीदता था, ये बात पूछताछ में सामने आने की बात कही जा रही है।

### दूसरी दुकानों की भी होगी जांच

खाद्य विभाग ने मामले में क्वालिटी इंस्पेक्टर को बुलाकर सैंपल लिया है। सैंपल की रिपोर्ट भी खाद्य विभाग को मिल गई है। अब गोदाम संचालक को नोटिस जारी करते हुए खाद्य विभाग एफआईआर कराने की तैयारी कर रहा है। दूसरे दुकानों की भी जांच की जाएगी।

**- अनुराग सिंह भदौरिया**
खाद्य नियंत्रक

शेयर मार्केट में तीन गुना मुनाफे का दिया लालच

# 14 लाख की ऑनलाइन ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शेयर मार्केट में तीन गुना मुनाफा कमाने का लालच देकर एक व्यक्ति से 14 लाख रुपए की आनलाइन ठगी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, मंगला शिवम रेसीडेंसी निवासी श्याम सुंदर प्रसाद से शेयर मार्केट में तीन गुना मुनाफा कमाने का लालच देकर 14 लाख रुपए जमा करवाकर आनलाइन ठगी कर ली गई थी। उसके बाद उक्त रकम लौटाने के एवज में भी उनसे पैसे की मांग की जा रही थी। पुलिस ने अपराध कायम कर तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने के बाद भिलाई सुपेला कोहका निवासी रामकृपाल साहू 35 साल व बैकुंठपुर निवासी जितेन्द्र अग्रवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने पीड़ित से आनलाइन ठगी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से मोबाइल, सिम कार्ड, दस्तावेज जब्त किया गया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### सट्टा में हार गए रकम

पकड़े गए दोनों युवक आनलाइन गेमिंग और सट्टा खेलते थे। उन्होंने पीड़ित से अलग अलग किश्तों में रकम जमा कराने के बाद उक्त रकम को सट्टा में लगा दिया। दोनों युवकों ने ठगी की रकम को सट्टा में उड़ा दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक आनलाइन गेमिंग के लिए किराए में बैंक खाता उपलब्ध कराते थे। इसके एवज में उन्हें कमीशन मिलता था। उक्त रकम को भी वे सट्टा में गंवा बैठे हैं। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी ले रही है।

कश्यप कालोनी में हुई घटना



# उपद्रवियों का आतंक, वाहनों में तोड़फोड़ कर लगाई आग

**बिलासपुर।** बीती रात तेलीपारा कश्यप कालोनी में उपद्रवियों ने आतंक मचाते हुए घर के सामने मैदान में खड़ी कार व एक एक्टिवा, आटो, ठेले में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, कश्यप कालोनी गली नम्बर 4 निवासी पवन देवदानी पिता श्याम देवदानी कपड़ा व्यावसायी हैं। उन्होंने कार क्रमांक सीजी 10 एएम, 9998 को घर के पास मैदान में खड़े कर दिया था। 23 फरवरी की रात 3.30 बजे अज्ञात लोगों ने कार में आग लगा दी। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। आगजनी में कार जल गई है। पुलिस ने श्री नेवदानी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 324, 5, 326 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एक्टिवा, आटो में आग, ठेले में तोड़फोड़

कपड़ा व्यवसाई की कार में आग लगाने के बाद उपद्रवी लोगों ने आसपास में रहने वाले सुरेश देवांगन के चार चक्का ठेले, एक एक्टिवा में आग लगाई गई है और विनय रजक की आटो में तोड़फोड़ की गई है। आगजनी में एक्टिवा व आटो जल गई है। मोहल्ले के लोगों ने आसपास घरों लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला। मोहल्ले के दो युवक आग लगाते व घूमते नजर आ रहे है। दोनों युवकों की पहचान कर ली गई है।

### पतासाजी की जा रही

बीती रात अज्ञात लोगों के द्वारा कपड़ा व्यवसायी की कार, एक एक्टिवा, ठेला में आग लगा दी गई और एक आटो में तोड़फोड़ की गई है। सीसीटीवी फुटेज में मोहल्ले के दो युवक नजर आ रहे हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

**- विवेक पाण्डेय** कोतवाली टीआई

किसी ने मकान तो किसी ने बना ली दुकान

# अपोलो जाने वाले रास्ते से खुद हटाने लगे कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह चौक से अपोलो अस्पताल जाने वाली सड़क पर 150 से अधिक लोगों का बेजा-कब्जा है। निस्तारी की सड़क पर कब्जा करते हुए किसी ने मकान तो किसी ने दुकान बना ली है।

निगम अफसरों के मुताबिक यहां 5 से 10 फीट तक कब्जा निकल रहा है। इसके साथ ही चिंगराजपारा अमरिया चौक से अपोलो हॉस्पिटल तक जाने वाली सड़क पर कब्जा कर लिया गया है। निगम की नोटिस के बाद तोड़फोड़ से बचने के लिए कब्जाधारियों ने सोमवार से खुद ही जगह खाली करना शुरू कर



दिया है। मंगलवार को निगम की टीम मौके पर पहुंचकर एक बार फिर सीमांकन और सर्वे करेगी।

गौरतलब है कि वसंत विहार और राजकिशोर नगर चौक के पास 83 लोगों का का कब्जा पहले के सीमांकन में निकला है। इसके साथ ही लिंगियाडीह चौक से अपोलो अस्पताल जाने वाली सड़क पर 150 लोगों का बेजा-कब्जा है। किसी ने मकान तो किसी ने दुकान बना ली है। निगम ने पूर्व में 75 को नोटिस जारी किया था, लेकिन आगे की कार्रवाई बंद हो गई। हरिभूमि ने मामले को लगातार प्रकाशित किया। निगम ने पिछले सप्ताह फिर से सर्वे करते हुए कब्जाधारियों को जगह खाली करने को कहा है।

### 9 मीटर तक सरकारी जमीन पर कब्जा

सड़क चौड़ीकरण के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग की टीम रपटा चौक से वसंत विहार चौक तक नापजोख कर रही है। अब तक अमरैया चौक तक नापजोख पूरी हो चुकी है। टीम सड़क के दोनों ओर 9-9 मीटर तक सरकारी, निजी जमीन और अवैध कब्जों की लिस्टिंग कर रही है। अमरैया चौक तक सड़क के दोनों ओर 50 अवैध कब्जे मिल चुके हैं। इस कारण सड़कें सिमट गई हैं। वसंत विहार और राजकिशोर नगर चौक के पास के 83 कब्जाधारियों को नोटिस के बाद कुछ लोगों ने अपना कब्जा हटाया, लेकिन बहुत से लोग अभी भी सड़कों पर दुकान- मकान बनाकर बैठे हैं। इसमें से अधिकांश कब्जे रसूखदारों और राजनैतिक पार्टियों से जुड़े लोगों के हैं।



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

24 FEB- BSP-PG-2 FULL PG_Layout 1 2/25/2025 12:00 AM Page 1





हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## धर्म-क्षेत्र

### 12 ज्योतिर्लिंगों का दर्शन कर रहे लोग, 27 तक होगा दर्शन





**बिलासपुर**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिव विहार सरकंडा केंद्र द्वारा महाशिवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें सोमवार से केन्द्र में गुफा बनाकर भारत में अलग-अलग राज्यों में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों का दर्शन करवा रहें है। इस केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान के ज्योतिर्लिंगों का दर्शन शहरवासी कर रहे है। यह दर्शन 27 फरवरी तक सुबह से शाम तक नियमित करवाया जाएगा। इसके साथ ही यहां पर बर्फानी बाबा की भव्य झांकी बनाई गई है, जो कि लोगों को बेहद आर्कषित कर रही है, यहां पर शंकर पार्वती की भी चैतन्य झांकी बनाई गई है। इस अवसर पर डीआरएम बिलासपुर यहां पहुंचकर इस झांकी का अवलोकन किया।



बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए अंतिम रिवीजन कर रहे छात्र

# परीक्षा में सफलता के लिए अच्छी सेहत व शांत दिमाग जरूरी

बोर्ड परीक्षा शुरू होने में अब चंद रोज ही रह गए हैं,1 मार्च से 12वीं, वहीं 2 मार्च से 10 वीं की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसे देखते हुए परीक्षार्थी जोरशोर से तैयारी में जुट गए हैं, छात्र घरों में पाठ्यक्रम का रिवीजन कर रहे है,बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर जोरशोर से तैयारी में जुट हुए है।

**बिलासपुर**। रिवीजन करते हुए अब इंपार्टेंट प्रश्नों की तैयारी को लेकर गाइड व प्रश्न बैंकों को सहारा ले रहे हैं। तैयारी के इस अंतिम दौर में छात्र पूरे फोकस के साथ रिवीजन करने में लगे है। पढ़ाई के साथ इस समय जरूरी है कि छात्र तनावमुक्त होकर अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें, क्योंकि स्वस्थ शरीर और शांत दिमाग से ही बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। सरकंडा स्कूल की शिक्षिका तान्या पांडेय ने कहा की छात्र रिवीजन के इस अंतिम दौर में सबसे जरूरी है दिमाग को शांत रखना, तनाव रहित होकर सकारात्मक रवैये के साथ कड़ी मेहनत करें और खुद को मोटिवेट करते रहें। आपको अगर तैयारी से संबंधित किसी तरह का तनाव हो रहा है, तो इसके बारे में अपने शिक्षक एवं अभिभावकों से बात जरूर करे।





**प्रश्न पत्रों का किया वितरण** : डीईओ अनिल तिवारी ने बताया की सोमवार को 73 ग्रामीण क्षेत्रों के परीक्षा केन्द्रों में प्रश्न पत्रों का वितरण करवाया गया, केन्द्रों के सबंधित थाना में इसे जमा करवाया गया। साथ ही मुख्य परीक्षा में उपयोग में लाए जाने वाले 20 पृष्ठ एवं 8 पृष्ठ की उत्तर पुस्तिकाओं का भी वितरण किया जा चुका है। मंगलवार को शहर के 24 परीक्षा केन्द्रों में प्रश्न पत्रों का किया जाएगा। उड़नदस्ता दल का गठन आज किया जाएगा, यह टीम परीक्षा के दौरान नकलची पर अकुंश लगाएगी।

### नींद पूरी होना भी जरूरी

शिक्षक सत्यम कश्यप ने बताया की सुबह की ताजी हवा में योग या 20-30 मिनट शारीरिक व्यायाम करना आपके दिमाग को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा, इससे आपको पढ़ाई में ध्यान लगाने और नकारात्मक विचारों से बचने में भी मदद मिलेगी। ब्लड सर्कुलेशन व याददाश्त बढ़ेगी। परीक्षा की तैयारी के समय तनाव से बचने के लिए छात्रों को पर्याप्त नींद लेना चाहिए. तैयारी के दौरान पढ़ी गयी चीजें दिमाग में स्टोर हो जाती है और रिकॉल करने पर याद आती हैं। लेकिन दिमाग पर अधिक बोझ डालने से यह प्रक्रिया गड़बड़ा जाती है, पर्याप्त नींद छात्रों के दिमाग पर पड़ने वाले दबाव को कम करती है, ऐसे में छात्र कम से कम पांच से छह घंटे की नींद अवश्य लें।

### हेल्पलाइन नंबर का छात्र उठा रहे लाभ

बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर में छात्र बड़ी संख्या में जुड़कर इसका लाभ उठा रहे है। हेल्प लाइन के माध्यम से छात्रों का स्ट्रेस मैनेजमेंट और विषय संबंधित समस्याओं का निराकरण हो रहा है। 28 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक छात्रों को अंग्रेजी, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, विज्ञान, जीव विज्ञान, लेखाशास्त्र के विषय के एक्सपट्र्स से अपने सवाल पूछ रहे है। वहीं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक मोटिवेशन छात्र ले रहे है। बिलासपुर में 131 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा का आयोजन होगा, जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

### छोटे-छोटे ब्रेक हैं उपयोगी

प्राचार्य अरविंद प्रजापति ने बताया की कई छात्र परीक्षा पास आते ही हर वक्त कॉपी, किताब लेकर बैठे रहते हैं. ऐसा करनेवाले छात्र पढ़ाई के दौरान जल्दी थक जाते हैं। थकान होने के कारण उनकी एकाग्रता भंग होने लगती है. बेहतर होगा की पढ़ाई के बीच-बीच में छोटे-छोटे ब्रेक लेते रहें. इस दौरान संगीत या पसंदीदा खेल को थोड़ा समय दें।

## कार्यक्रम

### धर्म तोड़ने का काम नहीं, हमेशा जोड़ने का काम करता



**बिलासपुर**। पूज्य सतीश मुनि महाराज, पूज्य सुकल मुनि महाराज, आदित्य मुनि महाराज, रमन मुनि महाराज सभी गुरु भगवंत से बिलासपुर पहुंचे। समाज के लोगों ने पूज्य गुरुदेव के दर्शन करते हुए उनका आशीर्वाद ग्रहण किया और आगे की रूपरेखा की जानकारी ली। सतीश मुनि महाराज, आदित्य मुनि ने प्रवचन में कहा कि धर्म के नाम पर कितने झगड़े और युद्ध हुए हैं, धर्म कभी तोड़ने का काम नहीं करता, वह हमेशा जोड़ने का काम करता है। सूई और कैंची का उदाहरण देते हुए कहा कि सूई जोड़ने का काम करती है, कैंची काटने का। इसी तरह धर्म जोड़ने का कार्य करती है। धर्म के बारे में गुरुदेव प्रवचन के दौरान जीवन में घटित घटना का उदाहरण देकर समझाया। उन्होंने कहा जो धर्म दूसरों के प्रति नफरत का भाव रखता है वह धर्म की श्रेणी में नहीं आता। जो केवल स्वत का कल्याण चाहता है। वह भी धर्म नहीं होता। मतलब मौका परास्त का कोई धर्म नहीं होता, मतलबियों के आत्मा का कल्याण कभी नहीं होता है जो स्वयं की आत्मा के साथ दूसरों की आत्मा का कल्याण करना चाहते हैं। वह होते हैं संत और वही होता है धर्म, जो दूसरों की हमेशा भला चाहता है। गुरुदेव ने बताया धर्म करते हैं तो उसे धर्म के द्वारा हमारा एवं हमारे परिवार की सुरक्षा होती है। धर्म कभी दबाव से नहीं होता धर्म स्वभाव में होता है। स्वभाव के अंदर रहेगा तो विवेकशील होगा। इस अवसर पर तेरापंथ समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र मालू, संरक्षक महेंद्र जैन, जैन समाज के अध्यक्ष भगवानदास सुतारिया, सचिव गोपाल वेलाणी, हितेश सुतारिया, योगेश चोपड़ा, संजय छाजेड़, अजय छाजेड़, संगीता चोपड़ा सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# विजया एकादशी पर भगवान श्याम का 61 माला से श्रृंगार

विजया एकादशी पर सोमवार को घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में भगवान श्याम का श्रृंगार तुलसी, पांच प्रकार के आर्केट, सेवंती, डेजी, देशी गुलाब, गेंदा, रजनीगंधा के 61 माला से किया गया। श्रृंगार के बाद भगवान श्याम का दर्शन करने भक्तों की लंबी लाइन लग गई। महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### दर्शन करने भक्तों की लगी लंबी लाइन, महाआरती कर बांटे गए प्रसाद

**बिलासपुर**। विजया एकादशी हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व एवं व्रत है। जिसे फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस व्रत को विशेष रूप से पापों से मुक्ति और विजय प्राप्त करने के लिए किया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान राम ने लंका विजय से पहले विजया एकादशी का व्रत किया था। इस दिन घर के पूजा स्थान में भगवान विष्णु की मूर्ति या चित्र स्थापित कर पूजा करने एवं भगवान विष्णु को पीले फूल, तुलसी दल, धूप, दीप, फल, मिष्ठान अर्पित करने का विधान है। कई लोग विजया एकादशी की कथा का श्रवण या पाठ भी किए। माना जाता है कि विजया एकादशी का व्रत श्रद्धा और नियमपूर्वक करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सफलता, समृद्धि और शांति का वास होता है।



#### व्रत का विशेष महत्व

पद्म व स्कंद पुराण तथा अन्य धर्म ग्रंथों में इस व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से साधक को सांसारिक और आध्यात्मिक जीवन में सफलता मिलती है। भगवान श्रीराम ने भी लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए इस व्रत का पालन किया था। जिसके कारण इसे विजया नाम प्राप्त हुआ।

### फाल्गुन उत्सव की तैयारी शुरू

मंदिर में होली महोत्सव की तैयारी मंगत राय अग्रवाल के निर्देशन में शुरू कर दी गई है। यह महोत्सव रविवार 9 मार्च को आरंभ होगा। इस दिन हाजीपुर से आए चंदन कुमार शास्त्री दोपहर डेढ़ बजे से श्री राम चरित्र कथा का वाचन करेंगे। सोमवार 10 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे राम मंदिर तिलकनगर से श्री श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। शाम सवा सात बजे से श्री श्याम भजन संध्या होगी। इसमें गायक कलाकार नरेश सैनी गुड़गांव, रेणु सेन जयपुर, बुंदू म्यूजिकल ग्रुप जयपुर द्वारा भगवान श्याम पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंगलवार 11 मार्च को सुबह 9 बजे से सवा मनी प्रसाद लगाए जाएंगे। यह जानकारी ट्रस्टी दीपराज उपाध्याय ने दी।

# आकाश व समुद्र की तरह अपना व्यक्तित्व बनाएं छात्र



**बिलासपुर**। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी के कार्यकाल का चार वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा यूनिवर्सिटी के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। इसके साथ ही रिसर्च के क्षेत्र में, परीक्षा के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में, योग के क्षेत्र में और अन्य क्षेत्रों में भी पूरे भारत में यूनिवर्सिटी गौरवान्वित है।



**एयू में कुलपति वाजपेयी के चार वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह**

कुलपति श्री वाजपेयी के चार वर्ष के कार्यकाल को रेखांकित करते हुए डॉ. मनोज सिन्हा ने स्वागत उदबोधन दिया और यूनिवर्सिटी के सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कुलपति श्री वाजपेयी का सम्मान किया गया। रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे, डिप्टी रजिस्ट्रार नेहा राठिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान, डीसीडीसी डॉ. केके शर्मा, फिजिकल एजुकेशन डायरेक्टर डॉ. प्रमोद तिवारी, प्रो. सुमोना भट्टाचार्य, संस्कृत डिपार्टमेंट की नेहा मिश्रा आदि ने इन चार सालों में यूनिवर्सिटी ने जो प्रगति की है उसपर अपना अनुभव साझा किया। मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने अपने चार वर्ष के उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने के बाद कैसे यूनिवर्सिटी को 12-बी का दर्जा दिलाया और यूनिवर्सिटी को नए भवन में स्थानांतरित किया। वर्तमान में यूनिवर्सिटी के इन्फ्रास्ट्रक्चर में ट्रांसिट हास्टल के दस कमरे प्राप्त हुए। आने वाले समय में प्रशासनिक भवन, आडिटोरियम, कुलपति बंगला, रजिस्ट्रार बंगला, गर्ल्स हास्टल, एक्सटेंशन रोड का निर्माण अतिशीघ्र होने वाला है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के प्रयोगशाला का उन्नयन किया गया तथा ग्रंथालय का भी उन्नयन किया गया है। यूनिवर्सिटी में सर्वोत्तम प्रथा के अंतर्गत नवाचार किया गया जैसे मंगल आरती, कुल संगत का आयोजन, पूरे कैंपस को सुंदर बनाने भी कार्य किया गया है।

उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि परिश्रम और संकल्प द्वारा किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आइंस्टीन के सापेक्ष सिद्धांत को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने यूनिवर्सिटी के सर्वांगीण विकास के लिए रिसर्च को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने समय पर परीक्षा कराने और परिणाम जारी करने के लिए परीक्षा नियंत्रक तरूणधर दीवान की तारीफ भी की तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुकूल कैसे हो यूनिवर्सिटी के विकास के साथ छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए टिप्स दिए।

## आयोजन

### बच्चों को खेल के जरिए धर्म संस्कृति से कराया अवगत



**बिलासपुर**। महाराणा प्रताप प्रखंड टिकरापारा में दुर्गावाहिनी बहन घृति सोनी, श्रद्धा सोनी, आकृति राजपूत, तनिषा चक्रधारी ने बाल संस्कार केंद्र लगाया। जहां बच्चों को खेल करा कर धर्म संस्कृति से अवगत कराया गया। वहीं महाराणा प्रताप प्रखंड यदुनंदन नगर में बहन श्रेया, श्रुति तिवारी ने बाल संस्कार केंद्र लगाया। जहां बच्चों को भजन, गीत गवाए गए। खेल, धर्म संस्कृति से अवगत कराया गया कि खेल से शारीरिक विकास होता है। पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। वहीं अपने धर्म के प्रति हमेशा आस्था रखें। धर्म के अनुसार आचरण करें। यहां बच्चों की संख्या 35 थी।

# अमरकंटक को हराकर शक्तिमाई भिलाई की टीम बनी विजेता

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर**। बन्ना चौक खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय रात्रिकालीन एकता कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आज समापन किया गया। समापन का फाइनल मैच अमरकंटक हेल्थ केयर व शक्तिमाई बालाजी भिलाई के मध्य खेला गया। जिसमें की टीम ने अमरकंटक के खिलाड़ियों को मत देते हुए जीत हासिल की। टूर्नामेंट का समापन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल हमेशा भाई चारे व खेल भावना से खेलना चाहिए। जीते टीम को आगे बढ़ने व हारे टीम को अपने खेल को बेहतर कैसे बनाए इसका आंकलन करना चाहिए। नवनिर्वाचित महापौर पूजा अशोक विधानी ने कहा कि खेल चाहे जैसा भी हो शारीरिक विकास की रीढ़ होती है। हर खेल में हार व जीत निश्चित है। हर खेल से हमें कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। इस दौरान अतिथियों के द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को बधाई के साथ ही पुरस्कार स्वरूप नगद राशि व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षद पुष्पेंद्र साहू, केशरी इंगोले, विजय मरावी, मंडल अध्यक्ष बलराम देवांगन, गायत्री मनोज दुबे, जिला उपाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा नवनीत अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहें।



#### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हुए सम्मानित

प्रतियोगिता में शक्तिमाई भिलाई के खिलाड़ी अश्विन सहारे के द्वारा अपने अच्छे खेल का परिचय दिया, जिन्हें मैन ऑफ द सीरीज, धर्मेंद्र वर्मा व ट्राफी स्व.मगन लाल साहू की स्मृति में दिया गया। इसी तरह बेस्ट बॉलर फैज, बेस्ट बेस्टमेन आकाश यादव अमरकंटक व फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच राजा को सम्मानित किया गया।

### सिरगिट्टी में आयोजित रात्रिकालीन टूर्नामेंट का समापन



## खबर संक्षेप

### ताला महोत्सव आज, तोखन सहित कई दिग्गज होंने शामिल



**दगोरी।** भगवान भोलेनाथ की पावन नगरी तालागांव मंदिर परिसर में ताला महोत्सव का आयोजन आज संध्या 6 बजे से दीप प्रज्वलन व आरती के साथ होगा। रात्रि 7 बजे महोत्सव में पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अनीता शुक्ला, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, जिला पंचायत पूर्व सभापति संदीप यादव की उपस्थिति रहेगी। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार अनुराग शर्मा एवं अन्य कलाकारों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे महोत्सव में अतिथि केंद्रीय शहरी आवास विकास मंत्री तोखन साहू, विधायक धरमलाल कौशिक, भूपेंद्र सवन्नी, जिला पंचायत सदस्य गोविंद यादव, जनपद सदस्य राजकुमार साहू, सोमेश तिवारी, अशोक कौशिक इत्यादि की उपस्तिथि रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने श्री सिद्धनाथ आश्रम सेवा समिति अध्यक्ष बजरंग गोस्वामी सहित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे। आयोजन के दौरान सुरक्षा को देखते हे पुलिस की तैनाती भी की गई है।

### नपा अध्यक्ष ने कार्यालय में प्रवेश से पहले किया हवन



**गौरेला।** नपा परिषद गौरेला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश दुबे ने सोमवार को गौरेला नगर पालिका के अध्यक्ष के कार्यालय में प्रवेश से पूर्व विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन एवं हवन किया। उनके साथ सभी नवनिर्वाचित पार्षदों ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर हवन-पूजन किया। हवन के दौरान मुकेश दुबे का पूरा परिवार उनके साथ उपस्थित रहा। मुकेश दुबे ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, नगर विकास के लिए जो भी कारगर होगा हम उस कार्य को अवश्य करेंगे और गौरेला विकसित नगर की श्रेणी में लाने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह राठौर, सीएमओ नारायण साहू, उप अभियंता स्वप्निल मिश्रा, सभी नवनिर्वाचित पार्षद, भाजपा नेता सहित नपा के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रीराम कथा के चौथे दिन शिव-पार्वती विवाह का वर्णन



**मल्हार।** आध्यात्मिक जागृति मानव सेवा संस्था की ओर से 7 दिवसीय संगीतमय आध्यात्मिक श्रीराम कथा का आयोजन नगर के ठाकुरदेव मंदिर परिसर में किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन व्यास आचार्य तिलकराम ने शिव-पार्वती विवाह का रोचक प्रसंग सुनाने के बाद मानव कल्याण के विभिन्न उपायों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म पर प्रहार होता है तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर दुष्टों का संहार करते हैं। इसलिए त्रेता युग मे भगवान श्रीराम ने भी अवतार लेकर राक्षसों का संहार किया और धर्म के रक्षक साधु-संत व मानवता की रक्षा की। उन्होंने रामचरित मानस की महिमा बताते हुए कहा कि रामकथा से अहंकार का विसर्जन हो जाता है, इसलिए भगवान राम के चरित्र को आत्मसात करना चाहिए।

### लैंगिक समानता के संबंध में स्कूली बच्चों को किया गया जागरुक




**पेंड्रा।** गौरेला की ग्राम पंचायत खोडरी के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बढ़ावन में महिला बाल विकास के द्वारा बच्चों को लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए बच्चों के लिए निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता ओोजित की गई, जिसमें 20 मिनट का समय दिया गया। शासन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने के लिए 24 फरवरी से 8 मार्च तक विभिन्न गतिविधियां एवं आयोजन संपन्न किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के तहत महिलाओं को जागरूक करना है। सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत महिला बाल विकास सुपरवाइजर पूनम पाठक के द्वारा की गई। इस अवसर पर माध्यमिक शाला का समस्त स्टाफ एवं प्राथमिक शाला के सभी शिक्षकों के साथ गांव के संपूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में मीनाक्षी सारौते 8वीं एवं चित्रकला प्रतियोगिता में अंजलि गुर्जर 7वीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी बच्चों को पुरस्कृत भी किया।

## तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में 25 जनपद सदस्यों के लिए हुआ था निर्वाचन

# जिपं सदस्य की 3 सीटें भाजपा, 1 कांग्रेस के खाते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के चार जिला पंचायत सीटों पर निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें 3 सीटें भाजपा एवं 1 कांग्रेस के खाते में आई। जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन के तहत ललिता संतोष कश्यप भाजपा, अम्बिका साहू भाजपा, भारती माली भाजपा एवं शिवेंद्र कौशिक कांग्रेस ने जीत हासिल की।

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के 25 जनपद सदस्यों के लिए निर्वाचन हुआ था जिसमें एक जनपद सदस्य मेलन बाई खरगहना से निर्वाचित हुए है। वहीं शेष में 16 निर्दलीय एवं 8 भाजपा प्रत्याशी जीत हासिल कर जनपद सदस्य निर्वाचित हुए हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 में ललिता संतोष कश्यप को मिले 24166 वोट और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी हेमलता देवी डड़सेना को मिले 9277 वोट, बढ़त 14889 की, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 में शिवेंद्र कौशिक को मिले 9395 वोट निकटतम प्रतिद्वंदी होरीलाल माथुर को मिले 9065 वोट, बढ़त 330 मत। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 में भारती नीरज माली को मिले 12701 वोट निकटतम प्रतिद्वंदी मीनू सुमंत यादव को मिले 11309 वोट, बढ़त 1392 की रही, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 में अंबिका साहू को मिले 11303 वोट देवकली कुर्रे को मिले 8448 वोट, बढ़त 2855 की रही। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 जूनापारा श्याम सिंह ध्रुव 1987, कल्पना रामकुमार 945, क्रमांक 2 बांधा भारत मरकाम 2071 श्याम सिंह मरावी 1114, क्षेत्र क्रमांक 3 लिम्हा सावित्री भारत मरकाम 3747, भूखिया सुंदरलाल ध्रुव 1666, क्षेत्र क्रमांक 4 बेलपान दुर्गा राजू सिंह 4173, मंजू उत्तरा कश्यप 2215, क्षेत्र क्रमांक 5 करनकापा ऋषभ कश्यप 2642, प्रमोद ठाकुर 2559, क्षेत्र क्रमांक 6 खपरी बबीता बाई जांगड़े 2460, शांतिबाई खंडे 1832, क्षेत्र क्रमांक 7 बीजा लक्ष्मी दुर्गा साहू 2132, सत्य दिवाकर सिंह 2043, क्षेत्र क्रमांक 8 ढन-ढन संजीता अनिल टांडे 1635, कांतिबाई पहाड़ी अनंत 1550, क्षेत्र क्रमांक 9 जरौंधा सीमा अश्विनी श्रीवास 1414, प्रीति संतोष साहू 1234, क्षेत्र क्रमांक 10 चनाडोगरी मनहरण लाल कौशिक 1496, चंद्रकांत द्विवेदी 892, क्षेत्र क्रमांक 11 भरारी गीता कृष्ण कुमार यादव 2708, रेखा साहू 2169, क्षेत्र क्रमांक मोछ 12 रामकुमार सिंगरौल 2661, हरीश कुमार अमृतलाल सिंगरौल 1734, क्षेत्र क्रमांक 13 गिरधौना कविता महेश यादव 2699, कुमारी सिंगरौल 1453, क्षेत्र क्रमांक 14 सागर राकेश तिवारी 1707, कोमल श्रीवास 1254, क्षेत्र क्रमांक 15 सकर्स जया साहू 2752, विमल संजीव दुबे 2451, क्षेत्र क्रमांक 16 छतौना रंजन तुलसी कौशिक 3487, संध्या साहू 2375, क्षेत्र क्रमांक 17 खरकेना दिलीप कुमार ध्रुव 2194, योगेश्वर साहू 2111, क्षेत्र क्रमांक 18 सैदा शालिनी सुभाष चंद्र गढेवाल 2229, सत्यवती भोलाराम रत्नाकर 1595, क्षेत्र क्रमांक 19 परसदा अरुण सिंह चौहान 2110, राजेश देवांगन 1755, क्षेत्र क्रमांक 20 भरनी डॉक्टर माधवी संतोष वस्त्रकर 2553, किरण जोगिंदर बघेल 1710, क्षेत्र क्रमांक 21 निरतू परमेश्वर पटेल 1699, अशोक मिश्रा 1321, क्षेत्र क्रमांक 22 गनियारी सावित्री देवी बलराम श्रीवास 2439, योगेश्वरी सुनील गुप्ता 1781, क्षेत्र क्रमांक 23 घुटकू रानी रवि सोनी 3541, पूजा लोनिया 3048, क्षेत्र क्रमांक 24 नेवरा लखन लाल सूर्यवंशी 1957, आयशा नील खंडे 1694, क्षेत्र क्रमांक 25 खरगहना मेलन बाई निर्विरोध रहीं।

### सीएम के कार्यों को जनता ने सराहा

पंचायत निर्वाचन परिणामों को देखकर कहा जा सकता है कि पूरी जनता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर विश्वास कर रही है। उनके कामों को जनता ने सराहा है और यही वजह है कि सभी क्षेत्रों में भाजपा के प्रत्याशियों की भारी जीत हुई है

**- धर्मजीत सिंह**
विधायक,तखतपुर

### जरहागांव नपा उपाध्यक्ष के लिए उठापटक



**जरहागांव।** क्षेत्र के नवनिर्मित बरेला नगर पंचायत निर्वाचन में भाजपा से नरेश पटेल ने 1362 वोट के साथ जीत हासिल कर अध्यक्ष चुने गए। यहां उपाध्यक्ष का पद खाली है जिसको लेकर पार्षद अपनी-अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। वहीं यदि सूत्रों की मानें तो उपाध्याय पद के लिए दो पार्षदों की दावेदारी सबसे मजबूत नजर आ रही है एवं इन्हीं में से किसी एक का उपाध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है। संजय एवं सुनीता दौड़ में सबसे आगे- जानकारी के अनुसार 13 पार्षदों में 7 पार्षद दावेदारी कर रहे है। इन तमाम बावेदारों में पार्षद संजय निर्मलकर सबसे मजबूत दावेदार के रूप उभर कर सामने आ रहे हैं। संजय निर्मलकर पूर्व उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वहीं सुनीता विजय दीवान महिला पार्षद हैं एवं एक नई चेहरे के रूप में उभर कर सामने आ रही हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि यदि पुरुष अध्यक्ष है तो महिला को उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि उपाध्यक्ष के लिए कई पार्षद दावेदारी कर रहे हैं, लेकिन का निर्णय भाजपा संगठन के मार्गदर्शन में परिषद की बैठक के दौरान लिया जाएगा।

### मोढ़े से दूसरी बार संरपंच बनीं पूजा

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत मोढ़े से सरपंच पद के लिए पूजा प्रमोद बरेठ ने दूसरी बार जीत दर्ज की है। दोबारा सरपंच निर्वाचित होने पर पूजा ने सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाताओं ने मुझ पर जो भरोसा किया है उस पर उतरने का पूरा प्रयास करूंगी।

### बोदा से खुशबू सरपंच निर्वाचित



**सेंतगंगा। मुंगेली।** खुशबू कन्हैया सिंह ग्राम पंचायत बोदा से सरपंच निर्वाचित हुई हैं। उनकी जीत पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी। जनपद पंचायत मुंगेली के अतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत बोदा से खुशबू कन्हैया सिंह बैस ने ऐतिहासिक जीत दर्ज सरपंच नवनिर्वाचित हुईं। उन्होंने अपनी जीत पर खुशी का इजहार करते कहा कि वे अपने पंचायत को सुन्दर व विकसित बनाएंगी। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का हर सम्भव प्रयास करेंगी। शासन की योजनाओं को आम जरूततमंदो पहुंचाया जाएगा। खुशबू के कहा कि यह उनकी जीत नहीं पूरे पंचायत क्षेत्र की जनता की जीत है। जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी के सहयोग से क्षेत्र का विकास करने की बात कही।

### फर्जी वोट डालने से मना करने पर ग्रामीण के साथ मारपीट

**तखतपुर।** फर्जी वोट डालने से मना करने पर एक युवक ने ग्रामीण के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सांवाडबरा निवासी बलराम जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 23 फरवरी को गांव के प्राथमिक शाला भवन में मतदान हो रहा था। मतदाता अपने वोट डालने के लिए कतार में लगे हुए थे तभी 4:30 बजे गांव का ही रहने वाला टेकू जायसवाल वहां आया और बलराम को चार फर्जी वोट डालने देने के लिए कहा। बलराम ने ऐसा करने से मना किया तो टेकू जायसवाल ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाप धारा 115, 2 296, 3, 5 351 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### पांच बच्चे घर से भागे अपहरण का अफवाह

**बिलासपुर।** रतनपुर के करैहापारा में रहने वाले पांच बच्चे बस में चढ़कर भाग निकले। कुछ लोगों ने उन्हें बस में चढ़ते देख लिया। इसके बाद मोहल्ले में अफवाह फैल गई कि बच्चों का अपहरण हो गया है। पुलिस ने बच्चों को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से खोज निकाला है। रतनपुर थाना प्रभारी नरेश कुमार चौहान ने बताया कि करैहापारा में रहने वाले पांच बच्चे रात करीब आठ बजे बस में बैठकर भाग निकले। मोहल्ले के लोगों ने बच्चों को बस में बैठकर जाते देखा। इसकी जानकारी उनके स्वजन को दी गई। इसी बीच बच्चों के अपहरण की खबर फैल गई। स्वजन ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी।

## कलेक्टर, एसपी ने अधिकारी-कर्मचारियों का जताया आभार

**मुंगेली।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, मतदानकर्मियों, सुरक्षा बलों एवं आम जनता का आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और मतदाताओं का योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने विशेष रूप से मतदान केंद्रों पर तैनात कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कुशल प्रबंधन और कर्तव्यनिष्ठा के कारण निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संभव हो पाया। कलेक्टर ने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे बिना किसी बाधा के मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले नागरिकों की भी सराहना की और आगामी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में इसी प्रकार अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते रहने और जागरूक नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारियों, मतदान कर्मियों और आम जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव संपन्न कराने में जिले के पुलिस अधिकारियों और जवानों ने कड़ी मेहनत की है। उनकी मुस्तैदी और सतर्कता के कारण मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही एवं कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों, पुलिस बल, होमगार्ड और अन्य सुरक्षाकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी समर्पित सेवा और जिम्मेदारी ने जिले में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सागर क्षेत्र से राकेश बने जनपद सदस्य



**सकरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तखतपुर जनपद अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 14 सागर से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी राकेश तिवारी ने बड़ी जीत दर्ज कर जनपद सदस्य निर्वाचित हुए। सागर जनपद क्षेत्र में सागर, लाखासार, कुरेली, खजुरी और विंध्यासार ग्राम आता है। इस क्षेत्र से 9 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। राकेश तिवारी एवं कोमल श्रीवास के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला लेकिन अंत में राकेश ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कोमल श्रीवास को 454 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की एवं जनपद सदस्य निर्वाचित हुए। निर्वाचन पश्चात विधायक धर्मजीत सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक, घनश्याम कौशिक, भाजपा नेता विक्की विशाल सिंह, अनिल पप्पू शर्मा सहित क्षेत्र के भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं खुशियां मनाई।

## निधन

### प्रवीण शर्मा



**बिलासपुर।** एल 10 विनोबा नगर निवासी प्रवीण शर्मा का 24 फरवरी सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 फरवरी मंगलवार की सुबह 10.30 बजे उनके निवास से मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद के लिए निकलेगी। वे शुभा शर्मा के पुत्र, हेमलता शर्मा के पति, क्षितिज व कुनाल शर्मा के पिता थे।

### खेम प्रकाश सलूजा



**लोरमी।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 फव्वारा चौक निवासी खेम प्रकाश उर्फ सोनू सलूजा 40 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में मंगलवार सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे बलवंत सलूजा के पुत्र थे।

### गोवर्धन प्रसाद साहू



**बिलासपुर।** गांधी नगर बिलासपुर निवासी सकर्रा वाले गोवर्धन प्रसाद साहू का 24 फरवरी को निधन हो गया। वे खगेन्द्र व संजय साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 25 फरवरी की सुबह 11 बजे उनके गृह ग्राम सकर्रा में होगा।

## रासेयो के स्वयंसेवकों ने चलाया फाइलेरिया जागरूकता अभियान




**मल्हार।** तक्षशिला उमावि जोंधरा की रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा फाइलेरिया जागरुकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से फायलेरिया बीमारी से बचने लक्षण एवं इससे बचाव के बारे में बताया गया। उक्त जागरुकता कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम समन्वयक मनोज कुमार सिन्हा और जिला संघटक कंति अंचल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल, कार्यक्रम अधिकारी पुरन सिंह ठाकुर, सहायक शिक्षक बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, राजेश कुमार यादव सहित स्वयं सेवकों मे मनीषा, नीतिशा चंदेल, मानसी पटेल, प्रिया, काजल, सोनिया पटेल, देवकी पटेल, देवपाल निषाद, दिनेश कुमार साहू, देवेन्द्र केवट दीपक कुमार, मणिशंकर सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित हुए।

## सड़क पर खून की एक बूंद न बहे, हेलमेट जीवन रक्षकः एसपी



मंच पर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते अफसर।

**सीपत।** बिलासपुर पुलिस की पहल व एनटीपीसी के सहयोग से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2025 के तहत मदनलाल शुक्ल कॉलेज मैदान में सोमवार को हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह रहे।

स्वागत भाषण में यातायात डीएसपी रामगोपाल करियारे ने कहा कि सड़क दुर्घटना को हल्के में न लें। सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या प्राकृतिक आपदाओं से भी बढ़कर है। व्यक्ति केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि अपने परिवार के जीवन की उम्मीद होता है। आप पुलिस के मित्र बनकर लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करें। अध्यक्षता कर रहे एनटीपीसी परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पांडेय ने कहा कि हेलमेट का प्रयोग हमारी आदत में शुमार होना चाहिए। बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि स्वयं की सुरक्षा ही सबकी सुरक्षा है। आपके कंधों पर पूरा परिवार है। आप जीवन की सुरक्षा को बखूबी निभाइए। पुलिस की जिम्मेदारी में अपने आप को शामिल करें। उन्होंने कहा कि सड़क पर एक भी खून की बूंद न बहे इसके लिए हेलमेट सुरक्षित यातायात की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण मानक उपकरण है। इसके उपयोग से यात्रा सुरक्षित होगी। डॉ राजीव शंकर खेर ने कहा कि हेलमेट केवल वाहन चालक की सुरक्षा ही नहीं बल्कि पूरे परिवार की सुरक्षा है। आप सभी हेलमेट के प्रयोग पर अमल करें और लोगों को जागरूक करें। समाज के एक भी व्यक्ति के साथ दुर्घटना हेलमेट के कारण न हो। पुलिस के साथ सभी कंधे से कंधा मिलाकर समाज को अपराधमुक्त करें। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने आभार व्यक्त किया।

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

विवाह सूचना का प्रकाशन

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 18.02.2025

श्री सुभेंदु वर्मा आत्मज स्व. भगवानदीन वर्मा माता श्रीमती सावित्री वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मकान नंबर 02 सांई विहार कॉलोनी यदुनंदन नगर तिफरा थाना सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं सविता नेताम आत्मजा श्री श्याम सुंदर ध्रुव (तलाकशुदा) उम्र 36 वर्ष निवासी सांई विहार कॉलोनी तिफरा थाना सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 20.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



सुभेंदु वर्मा



सविता नेताम

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

# दो बाइक के बीच भिड़ंत एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी




ग्राम डोमनपुर में दो बाइक के आपस में टकराने से एक नगर के युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जूनापारा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत कोटा-लोरमी मार्ग स्थित ग्राम डोमनपुर में सोमवार दोपहर 2 बजे के आसपास दो बाइक आपस में टकरा गईं। भीषण हादसे में नगर के वार्ड 5 निवासी खेम प्रकाश सलूजा उर्फ सोनू सलूजा की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में ग्राम सारधा निवासी राजेश सारथी, पिता घनश्याम सारथी एवं अमित उर्फ मोनू सलूजा 45 वर्ष पिता हरबंश सलूजा घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मृतक सोनू उर्फ खेम प्रकाश एवं अमित उर्फ मोनू बाइक से कोटा की ओर जा रहे थे, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक के इनकी भिड़ंत हो गई।

गौरतलब है कि लगातार दूसरे दिन क्षेत्र में बाइक की भिड़ंत में दो लोग जान गवां चुके हैं। सोमवार को हुए सड़क हादसे ने लोगों को सदमे में डाल दिया है। हादसे से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मनोज शर्मा, चौकी प्रभारी, जूनापारा ने बताया कि दोनों दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लिया गया एवं सभी घायलों को लोरमी अस्पताल मे भर्ती कराया गया डॉ आरएस आयाम, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हादसे में एक युवक की अस्पताल में मौत हुई है एवं दो लोग घायल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद एक को रिफर किया गया है।

### मर्ग कायम

घटना में लोरमी के एक युवक की मौत हुई है, जिसके शव को पीएम के लिए भेजा गया है। साथ ही जीरो में मर्ग कायम किया जा रहा है। -
**-माधुरी,** एसडीओपी

## 97 हजार 412 किसानों के खाते में 19.48 करोड़ रुपए अंतरित



**मुंगेली।** किसान सम्मान निधि के तहत 97 हजार 412 किसानों के खाते में 19.48 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 19वीं किश्त के रूप में बिहार के भागलपुर से 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खाते में डिजिटल माध्यम से 22 हजार करोड़ रूपए से अधिक राशि अंतरित की। इनमें जिले के 97 हजार 412 किसानों के बैंक खाते में 2-2 हजार रूपए के मान से 19.48 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया गया। जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में किसानों को लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। साथ ही वैज्ञानिकों द्वारा जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, दलहन एवं तिलहन की उन्नत कृषि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आरएल शर्मा, कृषि विभाग के उपसंचालक एमआर तिग्गा, सहायक संचालक एमएस पैकरा, ललिता मरावी, इंजीनियर डॉ पीके सिंह, एसके लहरे, विषय विस्तु विशेषज्ञ पल्लवी पोर्ते, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीपी कोशले सहित विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-1011 मूल आबंटी श्रीमती शशि पाण्डेय पति श्री पुनालाल पाण्डेय के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 09.02.2012 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्री आनंद दास मानिकपुरी पिता श्री जुड़ावन दास को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

## खबर संक्षेप

### 5 दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का समापन



**बिलासपुर।** वैद्यशाला आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान नेहरू चौक में 19 फरवरी से प्रारंभ 5 दिवसीय वात एवं त्वचा रोग के लिए नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 23 फरवरी को हो गया। संस्था के डाक्टर मनोज चौकसे ने बताया कि यह शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रहा। शिविर में सभी प्रकार के वातरोग जिसमें गठियावात, लकवा, घुटने का दर्द, सायटिका, सर्वाइकल, गर्दन दर्द, कंधे का दर्द, एडी दर्द, चेहरे का लकवा, कम्पवात आदि सभी रोगों की चिकित्सा परामर्श, औषध पंचकर्म के लिए आयुर्वेद चिकित्सकों एवं विशेष चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया। इसके अलावा शिविर में अन्य रोगों का भी चिकित्सा परामर्श दिया गया। इसमें डा. मनोहर चेकचंदानी, डा. विमल शर्मा, डा. किरण वर्मा, डा. मनोज चौकसे, डा. चंचला तिवारी अपनी सेवाएं दीं।

### गौरव पथ के किनारे बनी सीवरेज की नालियां, खुले चेम्बर से लोग परेशान



**बिलासपुर।** गौरव पथ के किनारे सीवरेज की नालियां बनाई गई है। साथ ही नाली के ऊपर पैदल चलने वालों के लिए पथवे का निर्माण कराया गया है। इसके लिए प्रशासन ने लाखों रूपए खर्च किए हैं। लेकिन, देखरेख के अभाव में पथवे के टाइल्स चोरी हो चुके हैं और चेम्बर खुला होने के कारण आसपास के लोग यहां कचरा डंप कर रहे हैं। वहीं आसपास की कालोनियों से निकलने वाला पानी की निस्तारी नहीं हो पा रही है। साथ इस पथवे का उपयोग करने वाले लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

### पार्किंग स्थल पर सब्जी विक्रेताओं का कब्जा, चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था



**बिलासपुर।** शहर के मध्य स्थित बृहस्पति बाजार में इन दिनों ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सब्जी खरीदने और राहगीर शाम ढलते ही अक्सर जाम में फंसे रहते हैं। हालांकि नगर निगम द्वारा बाजार के सामने पार्किंग की व्यवस्था की है। लेकिन, सब्जी विक्रेताओं ने पार्किंग स्थल पर कब्जा कर अपनी दुकान का संचालन कर रहे है। जिसके कारण आए दिन जाम लगा रहता है। नगर निगम के अतिक्रमण शाखा की टीम समय-समय पर इन अवैध सब्जी विक्रेताओं पर चालानी कार्रवाई करती है। परंतु कुछ दिनों बाद स्थिति जस की तस हो जाती है।

### राजेंद्र नगर और नर्मदा नगर से सायकल ट्रैक का उड़ा रंग



**बिलासपुर।** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट शहर को सुंदर बनाने के साथ ही लोगों की सेहत सुधारने पर भी ध्यान देती आ रही है। इसके लिए गार्डन के अलावा जगह-जगह ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। वहीं सायकल चालकों के लिए सायकल ट्रेक भी बनवाया है। इसके लिए राजेन्द्रनगर रोड और नर्मदा नगर क्षेत्र चयन किया कर ट्रैक का निर्माण कराया गया है। लेकिन राजेंद्र नगर रोड पर बना सायकल ट्रैक उपयोग होने से पहले ही रंग गायब हो चुका है। वहीं व्यापक प्रचार-प्रसार न होने के कारण नर्मदा नगर का ट्रैक का सायकल चालक उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

### लाखों रुपए खर्च कर वार्डों में बना मोहल्ला जिम हुआ बदहाल



**बिलासपुर।** शहर के वार्डों में लाखों रूपए की लागत से बनाए गए मोहल्ला जिम की हालत अब जर्जर होती जा रही है। मेंटेनेंस और देखरेख की कमी के चलते जिम में लगी मशीनों के पुर्जे टूट चुके हैं और कई उपकरण असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रशासनिक उदासीनता के चलते मोहल्ले वासियों का जिम का फायदा नहीं मिल रहा है। लोगों की सेहत बनाने के लिए खोले गए मोहल्ला जिम की सेहत बिगड़ चुकी है। उपकरण गायब होने से लोग जिम आने से कतराने लगे हैं। प्रशासन को जानकारी होने के बाद भी देखरेख करने से बच रही है।

### जीवनदीप समिति की बैठक 28 को

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बैठक 28 फरवरी को दोपहर 2 बजे जिला चिकित्सालय के सभागृह मातृ एवं शिशु अस्पताल के तृतीय तल में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने निर्देश दिए गए हैं।

---

अंतिम चरण के चुनाव का सामने आया रूझान

चुनाव परिणाम को लेकर प्रत्याशियों की धड़कनें तेज

# भाजपा के तखतपुर-कोटा से चार व कांग्रेस के दो जिपं सदस्य जीते चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण का रूझान सामने आया है। इसके अनुसार तखतपुर ब्लॉक में भाजपा के तीन व कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य चुनाव जीत रहे हैं। इसी तरह कोटा ब्लॉक से एक-एक भाजपा एवं कांग्रेस और एक निर्दलीय चुनाव जीत रहे हैं। इस तरह से जिला पंचायत में भाजपा के ज्यादा सदस्य जीत रहे हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आखिरी चरण में जिले के तखतपुर व कोटा दोनों ब्लॉक में चुनाव हुआ है। तखतपुर ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत के चार निर्वाचन क्षेत्र एवं कोटा ब्लॉक में तीन निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। इस तरह से जिला पंचायत के 7 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भी चुनाव में कुल 193 प्रत्याशी मैदान में रहे। रविवार वोटिंग के बाद देर रात तक मतदान केन्द्रों में वोटों की गणना हुई और इससे जो रूझान सामने आ रहा है, उसमें सात में चार सीट पर भाजपा के सदस्य चुनाव जीत रहे हैं। इसमें दिलचस्प मुकाबला तखतपुर क्षेत्र क्रमांक 8 में रहा है, जहां पर अनारक्षित सीट होने के कारण सर्वाधिक 14 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। इस क्षेत्र से भाजपा के समर्थित प्रत्याशी के भारती माली चुनाव जीत रही हैं। भारती पहले भी जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस ने यहां पर समर्थित प्रत्याशी नहीं उतारा था फिर भी कांग्रेस के कई दावेदार मैदान में थे। इस क्षेत्र से मीनू सुमंत यादव, राकेश कुमार तिवारी, अखिलेश कोसले, आशा यादव, अतिश सोनवानी, धनराज लहरे, दिलीप अग्रवाल, दुर्गेश बुधराम साहू, जितेन्द्र स्वर्णकार, प्रकाश बाजपेयी, रामनाथ सूर्यवंशी, रवि कुमार साहू, रोशन कुंज खाण्डे मैदान में थे। तखतपुर क्षेत्र क्रमांक 7 में भाजपा के विनोद सिंह क्षत्री सहित अमन पटेल, चन्द्रशेखर श्रीवास, होरीलाल माथुर, ईश्वर साहू, नवीन तिवारी, अधिवक्ता पूनाराम श्रीवास, रामलोचन साहू, शिवेन्द्र प्रताप कौशिक 9 प्रत्याशी थे। कांग्रेस ने यहां से मुक्त रखा था, किन्तु शिवेन्द्र प्रताप कौशिक इस क्षेत्र से चुनाव जीतकर आ रहे हैं जो कांग्रेस के बताए जा रहे हैं।

क्षेत्र क्रमांक 6 में भाजपा के ललिता संतोष कश्यप और कांग्रेस के हेमलता डडसेना सहित, अर्चना मनोज शुक्ला, सोनिया साहू चार प्रत्याशी थे जिसमें से भाजपा की ललिता कश्यप चुनाव जीतकर आ रही है।। क्षेत्र क्रमांक 9 से भाजपा के अम्बिका विनोद साहू चुनाव जीत रही हैं। यहां से कांग्रेस के देवकली कुर्रे समेत अंजु कौशिक, ईश्वरी जैतराम निर्मलकर, मीना कुमारी सूर्यवंशी, संगीता जितेन्द्र निर्मलकर मैदान में थे। इसके अलावा कोटा ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत के तीन निर्वाचन क्षेत्र आते हैं जिसमें क्षेत्र क्रमांक 15 में भाजपा के निरंजन पैकरा चुनाव जीत रहे हैं। यहां से कांग्रेस के रामचन्द्र पैकरा समेत अंधियार सिंह भानू, भोलाराम बैगा, गोपाल सिंह ध्रुर्वे, गोविंद सिंह ध्रुर्वे, ललिताबाई पैकरा, पीताम्बर पोर्ते, रामपाल मरकाम मैदान में थे। क्षेत्र क्रमांक 16 से कांग्रेस के रजनी मरकाम चुनाव जीत रही हैं। यहां से भाजपा के गीताबाई सलाम, ईतवारा मरावी, रामकुमारी राज चार प्रत्याशी थे। क्षेत्र क्रमांक 17 में निर्दलीय प्रत्याशी जयकुमारी प्रभु जगत चुनाव जीत रहे हैं, जबकि यहां से भाजपा के सती गोलू पोर्ते व कांग्रेस के शांति बुधराम मरकाम समेत आरती गौतम प्रधान, लक्ष्मीन मरावी, रागिनी ध्रुव भी मैदान में थे।

### परिणामों की घोषणा आज

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण तहत जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों का सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा मंगलवार को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत परिसर में की जाएगी। अंतिम चरण में तखतपुर ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6, 7, 8, 9 एवं कोटा ब्लॉक अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 15, 16 व 17 के परिणाम घोषित किया जाएगा और रिटर्निंग आफिसर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल द्वारा निर्वाचित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र

### तखतपुर जनपद में जीते 16 निर्दलीय

जनपद पंचायत तखतपुर में सदस्यों का चुनाव बड़ा रोचक रहा। तखतपुर जनपद पंचायत में 16 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीते हैं, जबकि भाजपा समर्थित 8 प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। एक प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध हो चुका है। इस तरह से जनपद पंचायत का पूरा राजनीतिक समीकरण निर्दलियों के इर्द-गिर्द घूम रहा है और निर्दलियों का पलड़ा भारी हो गया है। हांलाकि ज्यादतर संभावना सत्तापक्ष भाजपा की ओर निर्दलियों के जाने की संभावना है। इसी तरह कोटा जनपद पंचायत में भाजपा को बहुमत मिलने जा रहा है। प्रदान किया जाएगा।

---

जनरल और बेटिकिट यात्रियों को भी ठूंस ठूंस कर बैठाया जा रहा है एसी कोच में

# 30 फीसदी अतिरिक्त राशि लेकर समय पर यात्रियों को नहीं पहुंचा रही स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ आयोजन में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 30 फीसदी अतिरिक्त राशि लेकर स्पेशल ट्रेन में सफर करने की सुविधा तो दे रहा है, लेकिन स्पेशल ट्रेन यात्रियों को समय पर प्रयागराज नहीं पहुंचा पा रही है। एसी कोच के यात्रियों को छोड़कर आरपीएफ और जीआरपी के स्टाफ जनरल व बेटिकिट यात्रियों को ठूंस ठूंसकर कोच के अंदर बैठाते हैं, ताकि स्टेशन में भीड़ कम हो जाए, इससे यात्रियों की परेशानी बढ़ जाती है।

लोगों को प्रयागराज तक ले जाने के लिए रेल प्रशासन ने भी प्रदेश की सबसे मुख्य ट्रेन सारनाथ एक्सप्रेस के पहियों को रोककर स्पेशल ट्रेन की सुविधा शुरु कर दी है। इनमें से एक महाकुंभ स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 21 फरवरी को प्रयागराज के लिए रवाना की गई थी। इस ट्रेन के दुर्ग से रवाना होकर उसलापुर स्टेशन में पहुंचने का समय दोपहर 1 बजकर 15 मिनट का था, लेकिन ट्रेन एक घंटे देर से पहुंची। यह ट्रेन प्रयागराज स्टेशन से पहले नैनी स्टेशन तक रात 12.15 के स्थान पर सुबह 5 बजे पहुंची, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।



महाकुंभ स्पेशल ट्रेन की खिड़की का फूटा कांच, ठूंस-ठूंस कर भरे जा रहे यात्री।

### सारनाथ को किया गया है रद्द

स्पेशल ट्रेन का परिचालन प्रयागराज तक तो किया जा रहा है, लेकिन इस रूट पर चलने वाली सबसे जरूरी ट्रेन सारनाथ एक्सप्रेस को रेलवे ने एक बार फिर से रद्द करने का आदेश जारी कर दिया है। 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस पहले 23 फरवरी तक रद्द की गई थी, लेकिन नए आदेश के बाद 22, 23, 24, 25, 26 फरवरी को 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस और विपरीत दिशा में 24, 25, 26, 27, 28 फरवरी को रद्द की तिथि को बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस को 26 फरवरी और 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस को 28 फरवरी को रद्द करने का आर्डर जारी किया गया है।

इसी तरह का हाल टुंडला से दुर्ग में ट्रेन के वापसी का भी रहा। टुंडला से दुर्ग 08770 नंबर के साथ ट्रेन को दूसरे दिन 22 फरवरी की शाम 6 बजकर 50 मिनट पर प्रयागराज स्टेशन तक पहुंचना था। इस ट्रेन में प्रदेश के यात्री वापस आने के लिए समय से घंटो पहले स्टेशन तक पहुंच गए थे। प्रयागराज स्टेशन में पहुंचने के बाद यात्रियों को ट्रेन के 12 घंटे से अधिक विलंब से पहुंचने की जानकारी मिली। जो ट्रेन 22 फरवरी की शाम 6 बजकर 50 मिनट पर प्रयागराज स्टेशन पर आने वाली थी, वही ट्रेन 23 फरवरी की सुबह 6 बजकर 2 मिनट पर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर चार पर पहुंची। इसके कारण यात्री रात भर भूखे प्यासे परेशान होते रहे।

### कोई व्यवस्था नहीं

रेल प्रशासन सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से बार-बार प्रयागराज स्टेशन पर आने-जाने वाली स्पेशल ट्रेनों के साथ यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दे रहा है। रेलवे के अनुसार यात्रियों को पूरी सुविधाएं स्टेशन और बाहर में दी जा रही है। प्रयागराज स्टेशन पर पहुंचकर देखने के बाद बाहर की व्यवस्था तो ठीक थी। यहां जनरल टिकिट और आरक्षण टिकिट के यात्रियों के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं, ताकि किसी तरह की भगदड़ न हो सके। स्टेशन के बाहर सभी यात्रियों को टिकिट देखने के बाद अंदर प्रवेश की अनुमति भी दी जा रही है। यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए सुरक्षा में लगे वर्दीधारी स्वयं जनरल और स्लीपर कोच को छोड़कर जनरल टिकिट और बेटिकिट यात्रियों को एसी कोच के अंदर बैठाते हैं, जिसके कारण 30 फीसदी अतिरिक्त राशि देने वाले यात्रियों को भी सफर में आराम नहीं मिल पा रहा है।

---

प्रगति और सुविधाओं का लिया जायजा

# स्टेशन में चल रहे कार्यों की जांच करने पहुंचे जीएम



निरीक्षण के दौरान अफसरों को दिशा निर्देश देते रेलवे महाप्रबंधक।

**बिलासपुर।** 492 करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में एयरपोर्ट की तरह किए जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने के लिए जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने पहुंचकर निरीक्षण करते हुए जांच की। इस दौरान उन्होंने पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा के साथ यात्री सुविधाओं व प्रगति का जायजा भी लिया। महाप्रबंधक के निरीक्षण के दौरान जोन और डिवीजन के अधिकारी और स्टाफ भी मौजूद थे।

सोमवार को एसईसीआर बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने बिलासपुर स्टेशन पहुंचकर गहन निरीक्षण कर पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा और विभिन्न सुविधाओं तथा प्रगति का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यो के दौरान यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जीएम ने स्टेशन परिसर, निर्माणाधीन पार्किंग, गेट नम्बर एक और चार का अवलोकन करते हुए आवश्यक साइनेज की सुनिश्चता की लगातार निगरानी करने, स्टेशन प्रवेश तथा अन्य सेवाओं को व्यवस्थित रखने कहा, जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशान न हो। इसके साथ ही द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय का निरीक्षण कर उसकी स्वच्छता एवं यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जीएम तरूण प्रकाश ने जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के दूसरी ओर स्थित सेकेंड एंट्री में पहुंचकर विस्तारपूर्वक निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का मूल्यांकन करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह सहित जोन व डिवीजन के विभागाध्यक्ष व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे, जिनके साथ जीएम तरूण प्रकाश ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

---

1.05 लाख किसानों को मिला फायदा

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वीं किश्त खाते में जमा



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त की राशि जारी कर दी है । इसके लिए भागलपुर (बिहार) में वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसका प्रसारण वेबकास्ट से किया गया। इस दिवस को किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया । जिला स्तर पर कृषि महाविद्यालय बिलासपुर के आडिटोरियम में जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं विशिष्ट अतिथि अरूण सिंह चौहान, दीपक सिंह, अनिल कौशिक थे। पीएम किसान सम्मान निधि में जिले के 104977 किसानों को उनके बैंक खाते में कुल 22.21 करोड़ राशि का सीधा हस्तातंरण किया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुख्यालय में भी किसान सम्मान समारोह मनाया गया ।

---

तिफरा गोकने नाला का मामला

# गोकने नाला का पानी हुआ जाम बदबू से लोगों की बढ़ी परेशानी



**बिलासपुर।** तिफरा स्थित गोकने नाला का पानी जाम होने से पूरे क्षेत्र में बदबू फैल गई है। जिससे राहगीर और आसपास के रहवासी काफी परेशान हो गए हैं। गोकने नाला तिफरा इंडस्ट्रीज एरिया से होते हुए मन्नाडोल बस्ती की तरफ बहती है। फैक्ट्री से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल उद्योग संचालक इसी नाले में डंप करते हैं। वहीं आसपास बस्ती के लोगों घरों से निकलने वाले कचरे को नाले में ही डालते हैं। नाले की नियमित सफाई न होने के कारण पानी एक जगह ठहर गया हैं। जिसकी बदबू पूरे क्षेत्र के लोगों को परेशान कर रही है। यहां से गुजरने वाले लोग गंदगी व बदबू से परेशान होकर शिकायत भी किए हैं।

---

रतनपुर अस्पताल का हाल-बेहाल

# लाखों खर्च हुए, नहीं हो रहा महिलाओं का इलाज

**बिलासपुर।** रतनपुर में बनाए गए अस्पताल में पिछले कई सालों से गर्भवती महिलाओं की डिलिवरी बंद है, लाखों रूपए खर्च किए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने यहां दो गायनोकोलाजिस्ट महिला डाक्टरों की नियुक्ति की है, लेकिन डाक्टर अस्पताल में सेवा देने की बजाए निजी प्रैक्टिस में व्यस्त हैं। इस बात की शिकायत क्षेत्र के विधायक से की गई है। वहीं डाक्टरों और ओटी के संबंध में विधानसभा सत्र में प्रश्न भी उठाया गया है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के कामकाज पर सवाल उठने लगे हैं।

- **विधानसभा में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने उठाया मुद्दा**

रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एक बार फिर चर्चा में बना हुआ है। कोटा विधानसभा के विधायक अटल श्रीवास्तव ने अस्पताल के कामकाज पर सवाल किया है। क्षेत्र के विधायक ने अस्पताल में डाक्टर होने के बावजूद गर्भवती महिलाओं के इलाज, प्रसव और महिला डाक्टरों की लापरवाही का मुद्दा उठाया है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में दो गायनोकोलाजिस्ट की नियुक्ति की गई है, डॉ मेहुल झा और डॉ शीला शाहा की ड्यूटी स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई है। वहीं एनेस्थिसिया डॉ निधि कोराम भी मौजूद हैं, लेकिन यहां लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए आपरेशन थिएटर का उपयोग नहीं हो रहा है। इसकी बजाए क्षेत्र की महिलाओं को 25 किमी दूर बिलासपुर आने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### कई बार हो चुकी है शिकायत

सूत्रों के अनुसार दोनों गायनोकोलाजिस्ट डाक्टर अनुभवी हैं, ऐसे में उनकी नियुक्ति रतनपुर में की गई है, लेकिन डाक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं रहते हैं, जिससे मरीजों को भटकना पड़ता है। कई बार डाक्टरों की लापरवाही, अनुपस्थिति की शिकायत संयुक्त संचालक, सीएमएचओ और कलेक्टर से की गई है, लेकिन महिला डाक्टरों पर कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### शुरू की जा रही ओटी

अस्पताल में डाक्टरों की नियुक्ति की गई है, कुछ शिकायत मिली है, लेकिन जल्द ही अस्पताल में ओटी शुरू की जा रही है, गर्भवती महिलाओं के प्रसव और अन्य आपरेशन किए जा सकेंगे।

**-डा प्रमोद तिवारी**
सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### मरीजों का भेजते हैं बाहर

लंबे समय से अस्पताल में 2 गायनोकोलाजिस्ट जमे हुए हैं, लेकिन एक भी आपरेशन नहीं हो रहा है। दोनों ही डाक्टरों द्वारा निजी अस्पतालों में सेवा देने की बात सामने आई है। क्षेत्र के मरीजों को प्रताड़ित करते हुए बाहर भेजा जाता है। हमने विधानसभा में इस संबंध में प्रश्न लगाया है।

**-अटल श्रीवास्तव**, विधायक, कोटा

---

न्यूयार्क में पेश की नायाब मिसाल, पाकिस्तान में जन्मे थे शेर खान

# पांडे ने कराया मुस्लिम सहकर्मी का कफन-दफन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यूयार्क में रहने वाले और पाकिस्तान में जन्मे शेर खान के निधन पर शहर के आनंद पाण्डेय ने पूरी मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ उनका कफन-दफन कराया। स्व. शेर खान यूएनओ से रिटायर होने के बाद न्यूयार्क में ही बस गए थे और वे अकेले थे, जब उनका निधन हुआ।

बिलासपुर–छत्तीसगढ़ के तखतपुर ग्राम बेलसरी में जन्मे आनंद पांडे ने सात समंदर पार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द्र की मिसाल पेश की है। जिसकी चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई है और पाकिस्तान मीडिया ने भी इसे कवरेज दिया। उन्हें हाल ही में छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान से नवाजा गया। वे संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय न्यूयार्क में वित्त विभाग में यूनिट चीफ के रूप में





कार्यरत हैं और न्यूयार्क के किस्सेना बीएलबीडी में रहते हैं तथा छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति के प्रचार–प्रसार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री पाण्डेय को ख़बर मिली कि यूएनओ में उनके सहकर्मी रहे 80 वर्षीय शेर खान का निधन हो गया है। जिस समय शेर खान का निधन हुआ, वे अकेले थे। उनके परिवार का कोई भी सदस्य अमेरिका में न होने के कारण आनंद पांडे ने ही उनकी अंतिम विदाई और दफन क्रियाओं का इंतजाम किया। आर्थिक सहायता एकत्रित कर स्थानीय मस्जिद में जुम्मा की नमाज अदा की और उनके अंतिम संस्कार की सभी रस्में पूरी कीं। यह खबर पाकिस्तान में भी व्यापक रूप से कवर की गई।

### शांत और सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे शेर खान

आनंद पांडे ने बताया कि शेर खान शांत और सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे।



जिनमें दयालुता, ईमानदारी और गरिमा बेशुमार थी। उनके सहकर्मी उन्हें अत्यंत सम्मान और प्रशंसा की दृष्टि से देखते थे। संयुक्त राष्ट्र के नए और अनुभवी कर्मचारियों के बीच वे एक सेतु की भूमिका निभाते थे और हमेशा सभी का मुस्कुराहट के साथ स्वागत करते थे। शेर खान एक गरिमामय आत्मा थे, जिन्होंने हमें जाति, धर्म और राष्ट्रीयता की सीमाओं से ऊपर उठने का मार्ग दिखाया और एक सच्चे वैश्विक नागरिक के मूल्यों को आत्मसात किया।

24 FEB- BSP-PG-6_Layout 1 2/25/2025 12:26 AM Page 1



**खबर संक्षेप**

## शादी से पहले दहेज में मांगा 30 लाख, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली 32 वर्षीय युवती से सगाई के बाद मंगेतर और उसके परिवार वालों ने 30 लाख रुपये की मांग की। रुपए नहीं देने पर उन्होंने सगाई तोड़ दी। युवती की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि सुकमा में रहने वाले शेख तसवर की ओर से उनके घर शादी का प्रस्ताव आया था। युवक के परिवार वाले जुलाई 2023 में बिलासपुर आए। यहां पर रिश्ता तय होने के बाद युवक के परिजन ने अप्रैल 2024 में शादी करने की बात कही। तय समय पर रायपुर में सगाई हुई। सगाई के बाद युवती के परिवार वालों ने शादी की तैयारियां शुरू कर दी। इसी बीच मंगेतर और उसके पिता शेख औलिया, सास कासिम बी, जेठ शेख जाकिर, जेठानी नगमा ने 30 लाख रुपये कर्ज होने की बात कहते हुए रुपये मांगना शुरू कर दिया। इतने रुपये का इंतजाम नहीं होने और दहेज नहीं देने की बात कहने पर उन्होंने सगाई तोड़ दी। युवती की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चुनाव हराने का आरोप लगाकर मारपीट

**बिलासपुर।** पंच चुनाव हराने का आरोप लगाकर एक दुकानदार से मारपीट कर दी गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, पेण्डारी निवासी ओम वस्त्रकार पिता कैलास वस्त्रकार गांव में दुकानदारी करते हैं। 24 फरवरी की सुबह 11.50 बजे वह अपनी मां के साथ घर के सामने खड़े थे। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला प्रशांत उर्फ चिंटू वस्त्रकार व प्रांजलि वस्त्रकार आकर पंच चुनाव हराने का आरोप लगाकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर ओम वस्त्रकार व उसकी मां के साथ हाथ मुक्का से मारपीट की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## कार की टक्कर से पिता-पुत्री घायल

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से पिता पुत्री घायल हो गए हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, विद्यानगर स्थित ज्वेलरी दुकान में काम करने वाले मनोज सोनी 23 फरवरी की रात 13 माह की बेटी आदिती को गोद में लेकर घूमते हुए पुरना बस स्टैण्ड आए थे। उसके बाद वह पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे पिता प पुत्री घायल हो गए है। पुलिस ने श्री सोनी की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## शराब खरीदकर जा रहे युवक से मारपीट

**बिलासपुर।** शराब खरीदकर घर जा रहे युवक के साथ युवकों ने मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, बरखदान निवासी गणेश निषाद 23 फरवरी की रात छाबड़ा पैलेस के पास स्थित दुकान से शराब खरीदकर घर जा रहे थे। इसी दौरान राजू, पोला, गोलू गाली गलौज करते हुए उसके पास आए और यही बोलकर उसके साथ जबरदस्ती हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**पीसीसी को जांच रिपोर्ट सौपेंगी कमेटी**

**धनेन्द्र, वोरा व छाबड़ा के समक्ष बंद कमरे में कांग्रेसजनों से हुई पूछताछ**

# निष्कासन मामले में कांग्रेस की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी पहुंची जांच करने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा लगातार की गई कार्रवाइयों की जांच करने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी सोमवार को बिलासपुर पहुंची। कमेटी में शामिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू, अरूण वोरा व महेन्द्र छाबड़ा के समक्ष कांग्रेस के दोनों अध्यक्ष सहित अभयनारायण राय, त्रिलोक श्रीवास, सीमा पाण्डेय आदि प्रस्तुत हुए। सभी से बंद कमरे में पूछताछ हुई और उनके बयान लिए गए। दोनों पक्षों के बयान के बाद अब फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गुण-दोष के आधार पर अपनी जांच रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को सौंपेगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के जांच में पहुंचने के कारण आज कांग्रेस भवन में गहमागहमी रही। वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू के संयोजकत्व में तीन सदस्यीय कमेटी में पूर्व विधायक अरूण वोरा, महेन्द्र छाबड़ा आज दोपहर करीब दो बजे बिलासपुर पहुंचे और उसके बाद कांग्रेस भवन में जांच शुरू हुई। शहर व जिला कांग्रेस की ओर से जिन लोगों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तहत पार्टी से निष्कासित किया गया है उन्हें एवं नगरीय निकाय चुनाव में भीतराघात की शिकायत करने वाले संबंधित लोगों पहले ही सूचना दे दी गई थी, इसलिए वे भी कांग्रेस भवन में पहुंचकर जांच कमेटी का इंतजार कर रहे थे। इस जांच कमेटी ने कांग्रेस भवन के बंद कमरे में एक-एक लोगों से अलग-अलग पूछताछ की और उनका पक्ष, बयान लिए। सबसे पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय एवं जिलाध्यक्ष ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी से बंद कमरे में जांच टीम ने पूछताछ की, जिसमें अध्यक्ष द्वय ने पूरे मामले की अपने तरफ से ब्रीफिंग दी। उसके बाद त्रिलोक श्रीवास, अभयनारायण राय, सीमा पांडेय से उनके खिलाफ निष्कासन कार्रवाई मामले में पूछताछ की गई और उनका पक्ष लिया गया।

इसी तरह नगरीय निकाय चुनाव में इन लोगों पर भितरघात की शिकायत करने वाले ब्रम्हदेव सिंह ठाकुर, आदेश पाण्डेय आदि से पूछताछ हुई। ग्रामीण क्षेत्रों के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों ने भी बंद कमरे में जांच टीम से मुलाकात की। फैक्ट फाईडिंग कमेटी शाम करीब पांच बजे तक जांच टीम कांग्रेस भवन में पूछताछ, बयान दर्ज करने के बाद वापस लौट गई। यह फैक्ट फाईडिंग कमेटी गुण-दोष के आधार पर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपेगी।

### सत्र के चलते अटल नहीं पहुंचे

यह फैक्ट फाईडिंग कमेटी कोटा विधायक एवं एआईसीसी के मेंबर अटल श्रीवास्तव के खिलाफ भी अध्यक्ष द्वय द्वारा भेजी गई निष्कासन की अनुशंसा मामले में भी जांच कर रही है। लेकिन आज जब जांच कमेटी यहां जांच करने आई थी तो विधायक अटल श्रीवास्तव नहीं आए, बाद में पता चला कि विधानसभा सत्र शुरु हो गया है, इसलिए अटल का बयान नहीं हो पाया।

### कार्रवाई की जांच कर रहेः धनेन्द्र

कांग्रेस के फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के संयोजक वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू का कहना है कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जो निष्कासन की कार्रवाई हुई है वह सही है या नहीं, यही देखने, जांच करने आए हैं। आज संबंधित दोनों पक्षों के लोगों से मिले हैं उनकी बात सुनी है, जो बातें सामने आई हैं, उनका विस्तार से अध्ययन करने व आपस में चर्चा कर रिपोर्ट सौपेंगे, जिस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी गुण-दोष के आधार फैसला लेगी।

### यह है निष्कासन का मामला

बिलासपुर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विगत दिनों से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभयनारायण राय, प्रदेश सचिव त्रिलोक श्रीवास एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के महासचिव श्रीमती सीमा पांडेय के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सभी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इसके अलावा कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से बाहर करने की अनुशंसा की गई है। इन सभी के मामले को संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है।

**स्मार्ट सिटी ने जल्दी काम पूरा करने के लिए सिविल वर्क के लिए दूसरे ठेकेदार को साथ जोड़ने कहा**

# मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण में लेटलतीफी ठेका कंपनी पर 60 लाख की पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुराना बस स्टैंड में मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें लेटलतीफी को लेकर कोलकाता की ठेका कंपनी सिम पार्क पर नगर निगम ने 60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके बाद भी काम में तेजी देखने को नहीं मिल रही है। ठेका कंपनी के इक्का-दुक्का मजदूर ही मौके पर खड़े दिखाई देते हैं। हाल यह है कि अभी इस पार्किंग बिल्डिंग का स्ट्रक्चर ही खड़ा नहीं हो सका है। जाहिर है अगले 6 महीने में भी इसका काम पूरा होता नहीं दिख रहा है जबकि मार्च 2025 तक पूरा करने का टारगेट रखा गया था। अब कहा जा रहा है कि ठेका कंपनी जल्दी काम पूरा करने के लिए सिविल वर्क के कार्य के लिए किसी दूसरे ठेकेदार को अपने साथ जोड़ सकती है।

- कछुआ गति से चल रहा काम

गौरतलब है कि स्मार्ट सिटी के तहत छत्तीसगढ़ की पहली आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण पुराना बस स्टैंड परिसर में कराया जा रहा है। यह पूरी तरह से स्वचालित आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग होगी। जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर ले जाकर कार खड़े करते ही आटोमेटिक सिस्टम से कार ऊपरी मंजिल तक पहुंच जाएगी।



पुराना बस स्टैंड में बन रहे मल्टी लेवल पार्किंग का काम अब तक अधूरा।

### कलेक्टोरेट और कोतवाली पार्किंग में गाड़ियां नहीं

कलेक्ट्रेट और सिटी कोतवाली में बनी 35 करोड़ में बनी मल्टीलेबल पार्किंग किसी काम की नहीं है। कलेक्ट्रेट, कोर्ट, एसपी ऑफिस और अन्य कार्यालय सभी एक जगह होने से यहां वाहनों की संख्या पार्किंग में अधिक होनी थी लेकिन सभी वाहन सड़क पर खड़े हो रहे हैं। आम जनता तो ठीक पुलिस की गाड़ी और अन्य सरकारी गाड़ी भी आपको सड़क पर ही लगी दिख जाएगी। कोतवाली थाना परिसर में 20 करोड़ की लागत से मल्टी लेवल पार्किंग तैयार की गई है। इसमें 198 कार और 290 बाइक पार्क की जा सकेगी।

### जनवरी 2024 में पूरा करना था काम

साढ़े दस हजार स्क्वेयर फीट एरिया में शटल टाइप मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाई जा रही है। यह चार मंजिला कार पार्किंग होगी। पार्किंग के ग्राउंड फ्लोर में बाइक पार्क किया जाएगा और इसमें 80 कारों को पार्क करने की व्यवस्था रहेगी। स्मार्ट सिटी से इसके लिए कुल 12 करोड़ 60 लाख राशि का आबंटन किया गया। इसका ठेका एक साल पहले हुआ, जो कोलकाता के सिम पार्क नामक कंपनी को मिला था। टेंडर अवधि जनवरी 2024 में समाप्त हो चुकी है और अभी मल्टीलेवल पार्किंग का काम पूरा नहीं हुआ है।

### आटोमेटिक कार पार्किंग और पर्ची

आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग में कार को स्वयं पार्क नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा यहां पहुंचने वाली गाड़ियों के नंबर प्लेट को मशीन द्वारा आटोमेटिक कर लिया जाएगा जिससे पार्किंग की पर्ची मिलेगी। इस भवन में फायर फाइटिंग सिस्टम भी लगाया जाएगा जिससे आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। हालांकि यह सब काम कब होंगे इस पर सवाल है। पुराने बस स्टैंड परिसर में काम तो चल रहा है लेकिन एकदम सुस्त गति से। ठेकेदार ने दो सालों में एक तरह से कुछ भी नहीं किया है। यहां दावा किया जा रहा है कि इस मल्टीलेबल पार्किंग के बन जाने से ट्रैफिक की समस्या हल होगी। काम में लेकिन कोई तेजी नहीं होने के कारण प्रोजेक्ट पूरा होने में समय लगेगा।

### की गई है पेनाल्टी

धीमि गति से चल रहे काम को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट सिटी ने कोलकाता की ठेका कंपनी सिम पार्क पर टेंडर राशि के पांच फीसदी राशि लगभग 60 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। ठेका कंपनी को जल्दी काम पूरा करने के लिए सिविल वर्क कार्य के लिए किसी दूसरे ठेकेदार को अपने साथ जोड़ने कहा गया है।

- राजकुमार मिश्रा, टैक्निकल मैनेजर, स्मार्ट सिटी

**प्रयागराज से रायपुर ले जा रहा था आरोपी**

# प्रतिबंधित कफ सिरप लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रयागराज से रायपुर प्रतिबंधित कफ सिरप लेकर जा रहे कार सवार युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया है। उसके पास से एक कार्टून में 120 नग कफ सिरप बरामद हुआ है। पुलिस ने कार सहित सिरप जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

- सकरी बाईपास में पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

सकरी टीआई रविन्द्र अनंत को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रयागराज से एक युवक कार में भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप लेकर रायपुर की ओर जा रहा है। श्री अनंत के निर्देश पर एएसआई राजकुमार वस्त्रकार, आरक्षक सरफराज खान, रवि शंकर सिरों, सुमंत कश्यप व अन्य ने सकरी बाइपास स्थित कृष्णा ढाबा के पास घेराबंदी की। इसी दौरान कार क्रमांक सीजी एमएच 12 केएन, 4428 आते दिखाई दिया। पुलिसकर्मी सड़क में खड़े होकर कार रोकने का इशारा किया, किन्तु कार सवार गाड़ी की रफ्तार तेज कर भागने लगा। पुलिस ने आधा किलोमीटर पीछाकर कार में सवार रायपुर कबीरनगर एलआईजी 1749 हीरापुर निवासी मिथलेश तिवारी पिता स्व. शिव प्रसाद तिवारी 46 साल को पकड़ लिया। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर पुलिस ने कार की तलाशी ली। जिसमें एक कार्टून में 120 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत कार सहित प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



गिरफ्तार आरोपी।

### एण्ड टू एण्ड कार्रवाई में हो सकता है बड़ा खुलासा

बिलासपुर पुलिस एनडीपीएस के मामले में एण्ड टू एण्ड की कार्रवाई करने में लगी हुई है। गिरफ्तार कार चालक युवक मूलतः यूपी मिर्जापुर का रहने वाला है और रायपुर में जूस दुकान चलाता है। उससे सख्ती से पूछताछ करने पर प्रयागराज व रायपुर के कफ सिरप के सप्लायरों का खुलासा हो सकता है। बताया जा रहा है कि जब्त कार को वह किराए में लेकर उपयोग कर रहा था।

# बाघ के पग मार्क देखने के बाद विभाग ने लगाया ट्रैप कैमरा

**बिलासपुर।** रतनपुर, बेलगहना और कोटा रेंज के जंगलों और आसपास क्षेत्र में बाघ की दहाड़ से ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया है। टाइगर के पग मार्क देखने के बाद उसका लोकेशन ट्रेस करने के लिए विभाग ने ट्रैप कैमरे भी लगाने के साथ स्टाफ को अलर्ट रहने का आदेश जारी कर दिया है।

- रतनपुर और बेलगहना के आसपास घूम रहा है टाइगर, लोकेशन के लिए विभाग अलर्ट

बिलासपुर वन मंडल के जंगलों में एक बार फिर से टाइगर की दहाड़ सुनाई देने लगी है। वन मंडल बिलासपुर के तीन मुख्य वन परिक्षेत्र रतनपुर, बेलगहना और कोटा में टाइगर की बढ़ती हलचल से ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया है। इस इलाके में टाइगर की गतिविधियां दर्ज की गई हैं। ग्रामीणों ने मवेशियों का शिकार और पगमार्क देखने के बाद वन विभाग को सूचित कर दिया है। ग्रामीणों की सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने निगरानी तेज करने के साथ टाइगर का लोकेशन ट्रैस करने के लिए ट्रैप कैमरे भी लगा दिया है। रतनपुर रेंज के कंचनपुर गांव में टाइगर के पंजों के निशान मिलने के उपरांत रात नदी किनारे आठ ट्रैप कैमरे लगा दिए गए। इस कैमरे में कैद हुई तस्वीर से जानकारी मिली कि टाइगर नदी पार कर दूसरे गांव की ओर बढ़ गया है। इसके अलावा कोटा और बेलगहना क्षेत्र में भी टाइगर की मौजूदगी देखी गई है। वहीं सूचना मिलने पर रतनपुर, बेलगहना और कोटा वन परिक्षेत्र में स्टाफ को निगरानी पर लगा दिया गया है। विभाग की टीम ने पग मार्क देखने के बाद टाइगर के होने की पुष्टि भी की है। जानकारी के अनुसार टाइगर अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल या फिर किस ओर से बिलासपुर मंडल की ओर आया है, यह जानकारी अब तक किसी भी अधिकारी व स्टाफ को नहीं मिल सकी है। अधिकारियों के अनुसार कोटा से लेकर रतनपुर और एटीआर तक बाघों की संख्या 14 तक पहुंच चुकी है। इस संबंध में बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ सत्यदेव शर्मा का कहना है कि पग मार्क देखने के बाद पता चलता है कि वह टाइगर है, लेकिन टाइगर या लैपर्ड यह कहना मुश्किल है। फिलहाल तीनों रेंज में अलर्ट जारी करने के साथ टाइगर के मूवमेंट पर लगातार निगरानी के साथ ग्रामीणों को लगातार सतर्क रहने की सलाह भी दी जा रही है, ताकि किसी तरह की घटना न हो।



# पावर ब्लाक से ट्रेनों का परिचालन रहेगा ठप

**बिलासपुर।** रायपुर मंडल के साथ चक्रधरपुर रेल मंडल में किए जाने वाले कार्यों को करने के लिए रेल प्रशासन ने ब्लाक लेने का निर्णय लिया है, जिसके कारण दोनों रूट पर ट्रेनों का परिचालन ठप रहेगा।

जानकारी के अनुसार रायपुर मंडल के बैकुंठ से सिलयारी स्टेशन के बीच पावर ब्लाक लेकर गर्डर लांचिंग का कार्य 26 फरवरी को किया जाएगा, जिसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा। इन प्रभावित ट्रेनों में 26 फरवरी एवं 19 मार्च को बिलासपुर से रवाना होने वाली 68718 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, रायपुर से रवाना होने वाली 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर से चलने वाली 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, गेवरारोड से चलने वाली 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 28 फरवरी और 21 मार्च को बिलासपुर से चलने वाली 58201 बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर, रायपुर से रवाना होने वाली 58207 रायपुर-जूनागढ़ पैसेंजर, 1 और 22 मार्च को जूनागढ़ से रवाना होने वाली 58208 जूनागढ़-रायपुर पैसेंजर और रायपुर से चलने वाली 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर के पहिए थमे रहेंगे। इसके अलावा 26 फरवरी और 19 मार्च को गोंदिया और झारसुगुड़ा के बीच चलने वाली 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द की जाएगी। रायपुर मंडल के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत बंडामुंडा स्टेशन में नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान 25, 26 फरवरी को टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्स., नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से रद्द रहेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
9 दिन
18 मार्च से 26 मार्च, 08 अप्रैल से 16 अप्रैल
06 मई से 14 मई, 22 मई से 30 मई, 04 जून से 12 जून 2025
माल रोड, फागू, कुफरी, नालदेहरा, मशोबरा, रोहतांग दर्रे, काली बाड़ी मंदिर, जाखू मंदिर, माल रोड स्कैंडल प्वाइंट, लक्कड़ बाजार, वर्षों पुरानी तारा देवी मंदिर, देवताओं की घाटी कुल्लू मणिक्रान
राशिः-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# रात में पैदल घर जा रहे ग्रामीण की बाइक की टक्कर से मौत

**बिलासपुर।** बीती रात चुनाव परिणाम की जानकारी लेकर स्कूल भवन से घर पैदल घर जा रहे ग्रामीण को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट आने से उनकी मौत हो गई है। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

- जांच में जुटी पुलिस

कोनी पुलिस के अनुसार, निरतू निवासी खोरबहरा यादव 59 साल 23 फरवरी की रात चुनाव परिणाम की जानकारी लेने गांव के स्कूल गए थे। रात 9 बजे चुनाव परिणाम सुनने के बाद वे पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान बिलासपुर की तरफ से जा रही बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएल, 8799 के चालक ने तेज गति से लपरवाहीपूर्वक चलाते हुए श्री यादव को टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर व पैर में गंभीर चोट आई। सूचना पर परिजन उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स लेकर गए, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बेटा धर्मेन्द्र यादव की रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

स्वामी जी 93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport